# कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
## हकीम सैयद ज़ियाउल हसन,शासकीय(स्वशासी)यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय
(कोलार–नेहरू नगर बायपास रोड, मेनिट के पीछे,भोपाल 462003)

Web: www.gumcbhopal.in E.mail: gumcbhopal@gmail.com दूरभाष क्रं. –0755–2970354

(सत्र 2025–26 में बायोमेडीकल वेस्ट के कलेक्शन/निष्पादन हेतु ई–निविदा प्रस्तुत करने के नियम निर्देश एवं शर्ते)

1. हकीम सैयद ज़ियाउल हसन शासकीय (स्वशासी) महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, भोपाल के चिकित्सालय से निकलने वाले बायोमेडीकल वेस्ट के कलेक्शन एवं निष्पादन हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु दरें निधारित करने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

2. ई–निविदा प्रपत्र प्राप्त एंव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि ~~14.06.2025~~ 01/09/2025 को सांय 05.00 बजे तक है एवं निविदा खोले जानी की अंतिम तिथि दिनांक ~~16.06.2025~~ 03/09/2025 को दोपहर 02.00 बजे तक है।

3. ई–निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।

4. इच्छुक ई–निविदाकर्ता ऑनलाइन mptender.gov.in से ई–निविदा राशि रू.1000/– का भुगतान कर ई–निविदा प्राप्त कर सकते हैं, mptender.gov.in पर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा पृथक–पृथक ऑनलाइन सबमिट की जाना है।

5. ई.एम.डी. राशि रूपये 5000/–(रूपये पांच हजार मात्र) जिसे ई–पेमेन्ट के माध्यम से mptender.gov.in पर tender सबमिट करते समय पेमेन्ट करना होगां ई.एम.डी राशि सफल निविदाकार की अनुबंध होने पर नियमानुसार वापस की जावेगी, शेष निविदाकारों की ई.एम.डी. राशि mptender.gov.in के माध्यम से वापस लौटा दी जावेगी। सफल निविदाकार को निष्पादन प्रतिभूति (अनुबंध राशि के 03 प्रतिशत राशि 7500.00) बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से संस्थान में जमा करना होगा,निष्पादान प्रतिभूति राशि बिना ब्याज के अनुबंध समाप्त होने पर वापस लौटा दी जावेगी। म.प्र.के लघु उद्यम तथा स्टॉटअप को ई.एम.डी. राशि के भुगतान में छूट रहेगी। ई.एम.डी.राशि छूट प्राप्त करने हेतु आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में अपलोड करना अनिवार्य है।

6. निविदाकार फर्म के पास बॉयोमेडिकल वेस्ट के कलेक्शन एवं निष्पादन हेतु म0प्र0 पाल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड द्वारा जारी जीवित लायसेंस होना अनिवार्य है। जिसकी प्रति तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

7. महाविद्यालय चिकित्सालय से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थो के भस्मीकरण का कार्य म0प्र0 पाल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड द्वारा तय मानको के अनुसार निधारिंत प्रकिया के अनुसार अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी से कराया जाना होगा।

8. महाविद्यालय चिकित्सालय से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थो को सफल निविदाकार स्वंय के परिवहन से निश्चित स्थान एवं समय पर प्रतिदिन प्राप्त करेगा।

9. निविदाकार फर्म के पास सम्बंधित कार्य का जीवित गुमास्ता होना आवश्यक है, जिसे तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

10. निविदाकर्ता फर्म का वित्तीय वर्ष 2023–24 का टर्न ओवर न्यूनतम रुपये 05 लाख होना आवश्यक है, जिसके साक्ष्य के रुप में वित्तीय वर्ष 2023–24 की आयकर विवरणी की प्रति बैलेस शीट, लाभ–हानि पत्रक (चार्टेड एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित) निविदा के दस्तावेजो के साथ अपलोड करना आवश्यक है । साथ ही वित्तीय वर्ष 2023–24 की आयकर विवरणी भी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना अनिवार्य है ।

11. जी.एस.टी. पंजीयन पत्र की छायाप्रति तकनीकी निविदा के दस्तावेजो के साथ अपलोड करना आवश्यक है।

21/5/2025 21/5/25 21/5/25

Scanned with CamScanner

12. पैन नंबर की छायाप्रति तकनीकी निविदा के दस्तावेजो के साथ अपलोड करना आवश्यक है ।

13. तकनीकी निविदा के परीक्षण मे सफल निविदाकारो की ही वित्तीय निविदाये खोली जावेगी । वित्तीय निविदा अनुसार न्यूनतम कलेक्शन दर ऑफर करने वाले निविदाकार को बायोमेडीकल वेस्ट के कलेक्शन एवं निष्पादन का कार्य निधार्रित शर्तो के अधीन सौपा जावेगा ।

14. ई–निविदा स्वीकार होने पर सफल निविदाकार को एक अनुबंध राशि रूपये 100.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी कर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जिसका व्यय निविदाकार को वहन करना होगा।

15. निविदा/अनुबध कार्य आदेश तिथि से एक वर्ष 2025–26 के लिए होगा। जो कि अगले वर्ष कार्य संतोषजनक होने पर दोनों पक्षों की सहमति से निरंतर किया जावेगा । कार्य संतोषजनंक न होने व निविदा की शर्तो का पालन न करने की स्थिति में समय से पूर्व भी अनुबंध निरस्त किया जा सकेगा ।

16. निविदाकर्ता को बायोमेडीकल वेस्ट के कलेक्शन एवं निष्पादन हेतु राशि ( प्रति पलंग प्रति दिन के मान से) केवल ई–वित्तीय निविदा की एक्सल शीट में शब्दों एवं अंको में अंकित करना है। शब्दों एवं अंको की राशि में अंतर की स्थिति में शब्दों में अंकित राशि को मान्य किया जावेगा ।

17. सफल निविदाकर्ता द्वारा कार्यादेश का कुछ भाग या पूर्ण भाग अन्य किसी ठेकेदार/व्यक्ति को नहीं सौंपेगा। यदि किसी निविदाकर्ता द्वारा किसी अन्य फर्म/व्यक्ति को कार्य सौंपता है या कार्य कराता पाया जाता है तो उसका अनुबंध तत्काल प्रभाव से निरस्त कर निष्पादन प्रतिभूति राशि राजसात की जावेगी एवं संबंधित फर्म को Black Listed किया जायेगा, जिसमें किसी भी तरह का वाद विवाद नहीं किया जावेगा तथा एल–02 निविदाकर्ता को कार्य आदेश दिया जावेगा ।

18. डिफाल्टर फर्म (तात्पर्य वह फर्म जिसे अनुबंध शर्तो के उल्लंघन के कारण अनुबंध अवधि के पूर्व समाप्त किया गया हो ) आगामी निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगी ।

19. सफल निविदाकार फर्म को संस्थान द्वारा समय–समय पर जारी आदेशो/निर्देशों का पालन अनिवार्य रुप से करना होगा ।

20. अनुबंध पंजीयन स्टांप पेपर आदि व्ययों का वहन निविदाकर्ता फर्म द्वारा किया जावेगा ।

21. निविदाकर्ता को प्राप्त होने वाली आय पर टैक्स,सरचार्ज,सेवाकर आदि का भुगतान स्वयं निविदाकर्ता फर्म को करना होगा ।

22. निविदाकार फर्म किसी शासकीय/अशासकीय/अर्धशासकीय संस्था द्वारा ब्लैक लिस्टेड नही होना चाहिये इस हेतु शपथ पत्र राशि रु 100.00 ( एक सौ मात्र ) के नॉन ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइज कराकर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

23. किसी भी निविदा की समयावधि / स्थान / समय में परिवर्तन करना / निविदा को स्वीकृत करने एवं अस्वीकृत करने का अधिकार प्रधानाचार्य एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी हकीम सैयद ज़ियाउल हसन शासकीय (स्वशासी) महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, भोपाल को होगा ।

24. तकनीकी निविदा में अपलोड समस्त दस्तावेजो की स्वहस्ताक्षरित एक प्रति तकनीकी निविदा खोले जाने की दिनांक को निधारित समय पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

25. हकीम सैयद ज़ियाउल हसन शासकीय (स्वशासी) महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, भोपाल वर्तमान में 100 बेड चिकित्सालय संचालित है। अनुबध अवधि में चिकित्सालय में शैय्याओं की संख्या में वृद्धि होने पर उक्त कार्य हेतु प्रथक से आदेश जारी किये जावेगें ।

21/5/2025 21/5/25 21/5/25

Scanned with OKEN Scanner

26. संलग्न चेक लिस्ट अनुसार दस्तावेजों को तकनीकी निविदा के साथ अपलोड करना आवश्यक है चेक लिस्ट के अनुसार ही तकनीकी निविदा का परीक्षण किया जावेगा। इन्ही अभिलेखों के आधार पर तकनीकी निविदा मान्य/अमान्य की जायेगी इनके अतिरिक्त किसी अन्य अभिलेखों को विचार क्षेत्र में नहीं लिया जावेगा ।

27. किसी भी प्रकार के विवाद हेतु न्याय क्षेत्र भोपाल म०प्र० होगा ।

नोटः— किसी भी प्रकार के सशोधन की सूचना महाविद्यालयकी वेवसाइट Web:http://gumcbhopal.in पर ही प्रदर्शित किये जायेगें। अतः सलाह दी जाती है कि महाविद्यालय की वेबसाइट पर नियमित रुप से विजिट करते रहें ।

प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
हकीम सैयद ज़ियाउल हसन
शासकीय(स्वशासी) यूनानी चिकित्सा
महाविद्यालय,भोपाल।

17/04/25 17/04/2025 17/4/25

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
हकीम सैयद ज़ियाउल हसन,शासकीय(स्वशासी)यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय
(कोलार–नेहरू नगर बायपास रोड, मेनिट के पीछे,भोपाल 462003)
Web: www.gumcbhopal.in E.mail: gumcbhopal@gmail.com दूरभाष क्रं. –0755–2970354

बायोमेडिकल वेस्ट के कलेक्शन एवं निष्पादन हेतु दर प्रति पलंग
**(ई–वित्तीय निविदा का प्रपत्र–02)**

| क्र. | कार्य | राशि अंकों में |
|---|---|---|
| 1 | Biomedical Waste Collection & Execution Per Bed Rate | |
| 2 | Biomedical Waste Collection Dustbin with Pedal Cover & Trolly 15 Ltr | |
| 3 | Biomedical Waste Collection Dustbin with Pedal Cover & Trolly 20 Ltr | |
| 4 | Biomedical Waste IEC Material (Sticker, Flex & Sign Board) | |

नोट–उक्त प्रपत्र प्रारूप मात्र है इस प्रपत्र के अनुसार दर राशि को ई–वित्तीय निविदा ऑनलाइन www.mptender.gov.in पर तकनीकी निविदा की एक्सल शीट BOQ में ही दर्ज करना है।

17/04/25 17/04/2025 17/4/25

Scanned with OKEN Scanner

# //शपथ –पत्र //

मैं ......................................................................................पिता श्री..........................
..............................निवासी ..............................................................................................
.................................................उम्र ............ वर्ष शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि हकीम सैयद ज़ियाउल हसन,शासकीय (स्वशासी) यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालय में **बायोमेडीकल वेस्ट के कलेक्शन/निष्पादन हेतु ई–निविदा** में दी गई समस्त शर्तो का पूर्ण होशो–हवास में अध्ययन कर लिया है,जिसकी समस्त शर्ते मुझे मान्य हैं। एवं मेरे द्वारा प्रस्तुत समस्त दस्तावेज वैधानिक हैं एवं किसी भी शासकीय संस्था द्वारा मेरी फर्म को ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है। निविदा की शर्तो का पालन नहीं करने एवं मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज त्रुटिपूर्ण पाये जाने की स्थिति में यदि मेरी निविदा/अनुबंध निरस्त की जाती है, तो मुझे किसी प्रकार की आपत्ति नही होगी।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ...................
निविदाकर्ता का नाम ..........................
मोबाइल नं0 ...........................................

साक्षी के हस्ताक्षर ..................
साक्षी का नाम ........................
मोबाइल नं0 ...........................................

**नोट** :– उक्त शपथ पत्र राशि रु 100.00 एक सौ मात्र के नॉन ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइज कराकर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

17/04/2025 17/4/25 17/04/25

## //चैक–लिस्ट//

उपरोक्त वर्णित नियम शर्तो अनुसार निम्न दस्तावेजो को तकनीकी निविदा प्रपत्र 01 अनुसार सबमिट करते समय आवश्यक रुप से संलग्न किया जाना है :–

| क्र | दस्तावेज का नाम | संलग्न हॉ/नहीं |
|---|---|---|
| 01 | जीवित गुमास्ता संबधित कार्य का होना आवश्यक है जिसकी छाया प्रति | |
| 02 | पैन कार्ड की छाया प्रति | |
| 03 | जी.एस.टी.पंजीयन पत्र की प्रति<br>(जी.एस.टी.जमा सम्बंधी विगत 02 वित्तीय वर्षो का ऑनलाईन पत्रक तकनीकी निविदा के दस्तावेजों के साथ संलग्न करना अनिवार्य है) | |
| 04 | निविदाकर्ता फर्म का वित्तीय वर्ष 2023–24 का टर्न ओवर न्यूनतम 05 लाख होना आवश्यक है जिसके साक्ष्य के रुप में विगत तीन वित्तीय वर्षो की आयकर विवरणी/चार्टर्ड एकाउंटेन्ट द्वारा प्रमाणित बैलेंस शीट | |
| 05 | ई.एम.डी.राशि की ई–प्रिंटेड प्रति<br>(प्रधानाचार्य हकीम सैयद ज़ियाउल हसन शासकीय/स्वशासी यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल के नाम से)<br>अथवा एम.एस.एम.ई.पंजीयन प्रमाण–पत्र | |
| 06 | निविदाकार फर्म किसी शासकीय/अशासकीय/अर्धशासकीय संस्था द्वारा ब्लैक लिस्ट नही होना चाहिए इस हेतु शपथ पत्र की प्रति (प्रपत्र 03 अनुसार) | |
| 07 | म.प्र.पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा जारी जीवित लाईसेंस की प्रति। | |

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ..............................

निविदाकर्ता का नाम ..............................

मोबाइल नं0 ..............................

नोट :–चैक लिस्ट के सरल क्र–01 से 07 तक के अभिलेखों के आधार पर ही तकनीकी निविदा का विश्लेषण किया जावेगा इन्ही अभिलेखों के आधार पर तकनीकी निविदा मान्य/अमान्य की जायेगी इनके अतिरिक्त किन्ही अन्य अभिलेखों को विचार क्षेत्र में नहीं लिया जावेगा ।

17/04/25 17/05/2025 17/4/25

Scanned with OKEN Scanner